

www.akfunworld.co.nr

❖ समर्पण ❖

*संकट में साथ देने वाले मित्र*

*सिएन पी.एफ. हैरिस को*

# हैरी पॉटर और रहस्यमयी तहख़ाना

## अध्याय - एक
## सबसे बुरा जन्मदिन

यह कोई पहली बार नहीं हुआ था, जब प्रिविट ड्राइव के मकान नंबर चार में नाश्ते के समय बहस हुई हो। वरनॉन डर्स्ली की नींद सुबह जल्दी खुल गई थी। वे अपने भांजे हैरी की मादा उल्लू के चीख़ने की वजह से जाग गए थे।

वे नाश्ते की टेबल पर गरज रहे थे, 'इस हफ़्ते में यह तीसरी बार हुआ है। अगर तुम उस उल्लू को काबु में नहीं रख सकते, तो मैं उसे यहाँ से बाहर निकाल दूँगा!'

हैरी ने एक बार फिर सफाई देने की कोशिश की।

उसने कहा, '*वह बोर हो गई है।* उसे खुले आसमान में उड़ने की आदत है। अगर मैं उसे सिर्फ रात को खुला छोड़ दूँ, तो शायद...'

वरनॉन अंकल गुर्राए, 'क्या मैं तुम्हें मूर्ख दिखता हूँ?' यह बोलते समय तले अंडे का एक टुकड़ा उनकी घनी मूँछों पर लटक रहा था। 'मैं जानता हूँ उस उल्लू को बाहर निकालने के बाद क्या होगा।'

उन्होंने और उनकी पत्नी पेटूनिया ने एक-दूसरे की तरफ रहस्यमयी अंदाज़ में देखा।

हैरी ने जवाब देने की कोशिश की, परंतु उसके शब्द डर्स्ली के बेटे डडली की लंबी और तेज़ डकार के नीचे दब गए।

'मुझे और नाश्ता चाहिए।'

पेटूनिया आंटी ने अपने भारी-भरकम पुत्र को लाड़ भरी नज़रों से देखते हुए कहा, 'कड़ाही में और नाश्ता रखा है, मेरे लाड़ले। इतने समय बाद तो हमें तुम्हें जी भर कर खिलाने का मौका मिला है... मुझे नहीं लगता कि स्कूल में तुम्हें अच्छा खाना मिलता होगा ...'

'पेटूनिया, फालतू की बात मत करो! जब *मैं* स्मेल्टिंग्स में था, तो कभी भूखा नहीं रहा,' वरनॉन अंकल ने जोश से कहा। 'डडली को वहाँ खाने की कमी नहीं रहती होगी, है ना बेटा?'

डडली इतना मोटा था कि उसके पुट्ठे किचन की कुर्सी के दोनों तरफ लटक रहे थे। वह यह सुनकर मूर्खों की तरह मुस्कराया और हैरी की तरफ मुडा।

'मुझे कड़ाही उठाकर दो।'

हैरी ने चिढ़कर कहा, 'तुम जादुई शब्द बोलना तो भूल ही गए।'

इस सामान्य से वाक्य का पूरे परिवार पर अविश्वसनीय असर हुआ : डडली की साँस रुक गई और वह हाँफते हुए कुर्सी से इतनी तेज़ी से गिरा कि पूरा किचन हिल गया; मिसेज़ डर्स्ली ने चीख़कर अपने मुँह पर हाथ रख लिया; मिस्टर डर्स्ली उछलकर खड़े हो गए और उनकी कनपटी की नसें फड़कने लगीं।

हैरी ने तत्काल कहा, 'मेरा मतलब यह था कि उसने ''प्लीज़!'' नहीं कहा था। मेरा मतलब और कुछ नहीं था -'

उसके अंकल गुस्से में टेबल पर थूक उड़ाते हुए गरजे, **'मैंने तुमसे कहा था ना कि हमारे घर में जादू का नाम भी मत लेना।'**

'परंतु मैं तो -'

वरनॉन अंकल टेबल पर मुक्का मारते हुए दहाड़े, **'डडली को डराने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई?'**

'मैं तो सिर्फ -'

**'मैंने तुम्हें पहले भी चेतावनी दी थी! मैं यह बर्दाश्त नहीं करूँगा कि इस छत के नीचे तुम्हारी असामान्य हरकतों का ज़िक्र हो!'**

हैरी ने अपने बैंगनी चेहरे वाले अंकल से नज़रें हटाईं और पीले चेहरे वाली आंटी की तरफ देखा, जो डडली को उसके पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रही थीं।

हैरी बोला, 'ठीक है, *ठीक है...*'

वरनॉन अंकल वापस बैठ गए। बहरहाल, वे अब भी किसी भड़के हुए गेंडे की तरह हाँफ रहे थे और अपनी छोटी, तेज़ आँखों के कोनों से हैरी पर करीबी निगाह रखे थे।

जब से हैरी गर्मी की छुट्टियों में घर लौटा था, वरनॉन अंकल उससे इस तरह बर्ताव कर रहे थे मानो वह कोई बम हो, जो किसी भी समय फट सकता है। इसका कारण यह था कि हैरी सामान्य बच्चा *नहीं था* । सच तो यह था कि वह उतना ही असामान्य था, जितना हुआ जा सकता था।

हैरी पॉटर एक जादूगर था, जो हॉगवर्ट्स जादूगरी और तंत्र के विद्यालय में एक साल तक पढ़ने के बाद घर लौटा था। और अगर डर्स्ली दंपति छुट्टियों में उसके घर आने की वजह से दुखी थे, तो हैरी उनसे भी ज़्यादा दुखी था।

उसे हॉगवर्ट्स की इतनी याद आती थी, जैसे उसके पेट में लगातार दर्द हो रहा हो। उसे महल के रहस्यमयी गलियारों और भूतों की याद आती थी, अपनी जादू की पढ़ाई (शायद जादुई काढ़े की टीचर स्नेप को छोड़कर), उल्लुओं द्वारा लाई जाने वाली डाक, बड़े हॉल में दावतें खाना, टॉवर के कमरे में मसहरीदार पलंग पर सोना, चाबियों और मैदान के रखवाले हैग्रिड के अँधेरे जंगल के पास बने घर तक जाना याद आता था। उसे सबसे ज़्यादा याद क्विडिच की आती थी, जो जादूगरों की दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल था (छह ऊँचे गोलपोस्ट, चार उड़ती गेंदे और जाुई झाडुओं पर उड़ते चौदह खिलाड़ी)।

जैसे ही हैरी घर आया था, वैसे ही वरनॉन अंकल ने उसकी मंत्र की सारी किताबें, जादुई छड़ी, दुशाले, कड़ाही और बेहतरीन निम्बस 2000 झाडू को सीढ़ी के नीचे वाली अलमारी में ताले में बंद कर दिया था। पूरी गर्मियों में क्विडिच की प्रैक्टिस न करने के कारण अगर हैरी को उसके हाउस की क्विडिच टीम से निकाल दिया जाए, तो डर्स्ली दंपति को इसकी क्या परवाह थी? अगर हैरी बिना होमवर्क किए स्कूल जाएगा, तो डर्स्ली दंपति को इससे क्या फर्क पड़ता था? डर्स्ली दंपति ऐसे लोग थे, जिन्हें जादूगर मगलू कहते थे (ऐसे लोग जिनकी नसों में जादुई खून की एक बूँद भी नहीं थी)। उनके हिसाब से परिवार में किसी जादूगर का होना सबसे शर्मनाक बात थी। वरनॉन अंकल ने हैरी की उल्लू हेडविग को भी उसके पिंजरे में बंद करके ताला लगा दिया था, ताकि वह जादूगरों की दुनिया में किसी के पास संदेश न ले जा सके।

हैरी का हुलिया बाकी परिवार से बिलकुल अलग था। वरनॉन अंकल भारी-भरकम थे, उनकी गर्दन न के बराबर थी और उनकी मूँछें बड़ी तथा काली थीं। पेटूनिया आंटी का चेहरा पतला और घोड़े की तरह  था। डडली सुनहरे बालों वाला, गुलाबी और सुअर की तरह मोटा था। दूसरी तरफ हैरी छोटा और दुबला था, उसकी आँखें चमकदार हरी थीं और उसके गहरे काले बाल हमेशा बिखरे रहते थे। वह गोल चश्मा पहनता था और उसके माथे पर एक पतला, बिजली गिरने के आकार वाला निशान था।

इस निशान ने ही हैरी को ख़ास तौर पर असामान्य बना दिया था, बाकी जादूगरों से भी ज़्यादा असामान्य। यह निशान हैरी के उस रहस्यमय अतीत की इकलौती निशानी था, जिस वजह से उसे ग्यारह साल पहले डर्स्ली दंपति की चौखट पर छोड़ा गया था।

एक साल की उम्र में हैरी न जाने कैसे दुनिया के सबसे बड़े शैतानी जादूगर लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट के शाप से बच गया था, जिसका नाम लेने में ज़्यादातर जादूगर और जादूगरनियाँ आज भी डरते थे। वोल्डेमॉर्ट के हमले में हैरी के माता-पिता मारे गए, परंतु वह बिजली गिरने जैसे निशान के साथ बच गया, और किसी भी तरह - कोई नहीं जानता कि क्यों - जिस पल वोल्डेमॉर्ट हैरी को नहीं मार पाया, उसी पल उसकी तमाम शक्तियाँ चली गईं।

इसलिए हैरी को उसकी मृत माँ की बहन और उसके पति ने पाला। उसे डर्स्ली परिवार में रहते-रहते दस साल हो चुके थे, परंतु वह यह कभी नहीं समझ पाया कि उसके आस-पास अजीब घटनाएँ क्यों होती रहती थीं। उसे डर्स्ली परिवार की इस कहानी पर विश्वास था कि जिस कार दुर्घटना में उसके माता-पिता मरे थे, उसी में उसके माथे पर यह निशान बना था।

परंतु ठीक एक साल पहले हॉगवर्ट्स से हैरी के नाम एक ख़त आया और सारी सच्चाई सामने आ गई। हैरी जादूगरों के स्कूल में पढ़ने चला गया, जहाँ वह और उसका निशान दोनों ही मशहूर थे... परंतु अब स्कूल की छुट्टियाँ शुरू हो चुकी थीं, इसलिए वह मजबूरन छुट्टियों में डर्स्ली परिवार के साथ रहने के लिए वापस आया था। यहाँ उसके साथ ऐसे कुत्ते की तरह बर्ताव किया जाता था, जो किसी गंदी जगह में लोट लगाकर आया हो।

डर्स्ली परिवार को तो इतना भी याद नहीं था कि आज हैरी का बारहवाँ जन्मदिन है। ज़ाहिर है, उसे उनसे ज़्यादा उम्मीदें भी नहीं थीं। केक की बात तो रहने ही दें, उन्होंने उसे कभी ढंग का तोहफ़ा भी नहीं दिया था। परंतु उसके जन्मदिन को बिल्कुल अनदेखा कर देना...

उसी पल वरनॉन अंकल ने अपना गला साफ़ करते हुए महत्वपूर्ण अंदाज़ में कहा, 'जैसा कि हम सब जानते हैं, आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है।'

हैरी ने ऊपर की तरफ़ देखा। उसे इस बात पर यकीन नहीं हो रहा था।

वरनॉन अंकल ने कहा, 'आज के दिन मैं अपनी ज़िंदगी का सबसे बड़ा सौदा करूँगा।'

हैरी दुबारा अपना टोस्ट खाने लगा। उसने कड़वाहट से सोचा, वरनॉन अंकल अपनी मूर्खतापूर्ण डिनर पार्टी के बारे में बात कर रहे हैं। पिछले पंद्रह दिनों से वे सिर्फ़ इसी बारे में बातें कर रहे थे। एक अमीर भवन-निर्माता और उसकी पत्नी डिनर पर आ रहे थे और वरनॉन अंकल को उम्मीद थी कि वह भवन-निर्माता उन्हें बहुत बड़ा आर्डर देगा (वरनॉन अंगल की कंपनी ड्रिल बनाती थी)।

वरनॉन अंकल बोले, 'चलो, हम लोग एक बार फिर कार्यक्रम दोहरा लें। हम सब आठ बजे अपनी-अपनी जगह पर होंगे। पेटूनिया, तुम रहोगी - ?'

'यहाँ बैठक में,' पेटूनिया आंटी तत्काल बोलीं, 'अपने घर में उनके स्वागत के लिए तैयार।'

'बहुत बढ़िया। और डडली बेटा तुम?'

'दरवाज़ा खोलने के इंतज़ार में।' डडली ने चेहरे पर एक बनावटी और भद्दी सी मुस्कान लाते हुए कहा। 'मैसन अंकल-आंटी, लाइए मैं आपके कोट सँभालकर रख दूँ।'

पेटूनिया आंटी गद्‌गद् होकर बोलीं, 'वे सोचेंगे कितना *प्यारा* बच्चा है!'

'शाबाश डडली,' वरनॉन अंकल ने कहा। फिर वे हैरी की तरफ़ मुड़े। 'और *तुम* ?'

हैरी ने भावहीन स्वर में जवाब दिया, 'अपने बेडरूम में, बिलकुल चुपचाप, जैसे इस घर में हूँ ही नहीं।'

'बिलकुल ऐसा ही करना,' वरनॉन अंकल ने बुरा सा मुँह बनाकर कहा। 'पेटूनिया, मैं उन लोगों को बैठक में लेकर आऊँगा, तुम्हारा परिचय कराऊँगा और उनके लिए ड्रिंक्स बनाऊँगा। सवा आठ बजे -'

'मैं कहूँगी, ''डिनर तैयार है,''' पेटूनिया आंटी बोलीं।

'और डडली बेटा, तुम बोलोगे -'

'मैसन आंटी, आइए मैं आपको डाइनिंग रूम में ले चलूँ?' डडली ने अपनी मोटी बाँह एक अदृश्य महिला की तरफ़ बढ़ाते हुए कहा।

पेटूनिया आंटी नाक से साँस खींचते हुए बोलीं, 'मेरा आदर्श सभ्य बच्चा।'

'और *तुम* ?' वरनॉन अंकल ने खा जाने वाले अंदाज़ में हैरी से पूछा।

'अपने बेडरूम में, बिलकुल चुपचाप, जैसे इस घर में हूँ ही नहीं,' हैरी ने नीरस अंदाज़ में कहा।

'बिलकुल ऐसा ही करना। अब हमारा लक्ष्य है डिनर के दौरान उनकी तारीफ़ में कुछ वाक्य बोलना। पेटूनिया, तुम इस मौके पर क्या कहोगी?'

'मिस्टर मैसन, वरनॉन ने मुझे बताया है कि आप गोल्फ के *बेहतरीन* खिलाड़ी हैं... मिसेज़ मैसन, आपने यह ड्रेस कहाँ से ख़रीदी...'

'बहुत बढ़िया... और डडली बेटा, तुम क्या कहोगे?'

'यह कैसा रहेगा : ''हमें स्कूल में अपने आदर्श व्यक्ति पर निबंध लिखना था और मैसन अंकल, *मैंने आपके* बारे में लिखा था।'''

पेटूनिया आंटी और हैरी दोनों के लिए इसे पचाना मुश्किल था। पेटूनिया आंटी की आँखों में आँसू आ गए और उन्होंने अपने बेटे को गले से लगा लिया। दूसरी तरफ़, हैरी ने अपना मुँह टेबल के नीचे छुपा लिया, ताकि कोई उसे हँसते हुए न देख ले।

'और तुम, लड़के?'

हैरी ने अपना चेहरा ऊपर उठाते हुए उसे भावहीन बनाने की पूरी कोशिश की।

उसने कहा, 'अपने बेडरूम में, बिलकुल चुपचाप, जैसे इस घर में हूँ ही नहीं।'

'बिलकुल ऐसा ही करना,' वरनॉन अंकल ने ज़ोर देते हुए कहा। 'मैसन दंपति तुम्हारे बारे में कुछ नहीं जानते और हम चाहते भी नहीं हैं कि उन्हें तुम्हारे बारे में पता चले। पेटूनिया, डिनर ख़त्म होने के बाद तुम मिसेज़ मैसन को कॉफी पिलाने के लिए बैठक में ले जाना और मैं चर्चा को ड्रिल की तरफ़ मोड़ दूँगा। अगर किस्मत अच्छी रही, तो *दस बजे की न्यूज़* से पहले मैं समझौते पर दस्तख़त करवाकर उसे लिफाफे में बंद करवा लूँगा। कल इस समय हम माजोर्का में हॉलिडे होम ख़रीद रहे होंगे।'

हैरी यह सुनकर बहुत रोमांचित नहीं हुआ। उसे उम्मीद नहीं थी कि डर्स्ली दंपति माजोर्का में उसके साथ प्रिविट ड्राइव से ज़्यादा अच्छा व्यवहार करेंगे।

'तो फिर ठीक है - अब शहर से डडली और अपने लिए डिनर जैकेट लेकर आता हूँ।' और फिर उन्होंने गुर्राकर हैरी से कहा, 'और *तुम*, जब तुम्हारी आंटी सफ़ाई करें, तो उनके रास्ते में मत आना।'

हैरी पिछले दरवाज़े से बाहर चला गया। दिन ख़ुशनुमा और सूरज की रोशनी से भरा था। वह लॉन के पार गया, बगीचे की बेंच पर बैठा और धीमी आवाज़ में गाने लगा, 'हैप्पी बर्थडे टु मी... हैप्पी बर्थडे टु मी...'

न कोई कार्ड, न कोई तोहफा और वह आज की शाम इस तरह गुज़ारेगा, जैसे वह इस दुनिया में हो ही नहीं। वह दुखी मन से झाड़ियों को एकटक देखने लगा। उसे कभी इतना ज़्यादा अकेलापन महसूस नहीं हुआ था। हॉगवर्ट्स की किसी भी चीज़ से ज़्यादा, क्विडिच खेलने से भी ज़्यादा हैरी को अपने सबसे अच्छे दोस्तों रॉन वीज़्ली और हर्माइनी ग्रेंजर की याद आ रही थी। बहरहाल ऐसा लग रहा था, जैसे उन लोगों को उसकी बिलकुल भी याद नहीं आ रही थी। पूरी गर्मियों में दोनों में से किसी ने भी उसे चिट्ठी तक नहीं लिखी थी, जबकि रॉन ने हैरी से कहा था कि वह उसे अपने घर रहने के लिए बुलाएगा।

अनगिनत बार हैरी जादू से हेडविग के पिंजरे का ताला खोलने की कगार पर था और उसके द्वारा रॉन और हर्माइनी को चिट्ठी भेजना चाहता था। परंतु यह इतना महत्वपूर्ण काम नहीं था कि इसके लिए इतना बड़ा जोखिम लिया जाए। नाबालिग जादूगरों को स्कूल के बाहर जादू करने की इजाज़त नहीं थी। हैरी ने यह बात डर्स्ली दंपति को नहीं बताई थी। वह जानता था कि वे जादुई छड़ी और जादुई झाड़ू के साथ *उसे* भी सीढ़ियों के नीचे वाली अलमारी में सिर्फ इसलिए बंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि उन्हें डर था कि हैरी उन सबको गुबरैले कीड़े में बदल देगा। डर्स्ली परिवार में लौटने के दो सप्ताह बाद तक हैरी अनापशनाप मंत्र बोलता था और उसे तब बहुत मज़ा आता था, जब डडली अपनी जान छुड़ाकर थुलथुल पैरों से कमरे के बाहर भागता था। परंतु रॉन और हर्माइनी की लंबी ख़ामोशी के कारण हैरी अब ख़ुद को जादुई दुनिया से इतना अलग-थलग महसूस कर रहा था कि उसे डडली को सताने में भी मज़ा नहीं आ रहा था - और अब तो रॉन और हर्माइनी उसका जन्मदिन भी भूल गए थे।

हॉगवर्ट्स से अगर एक भी ख़त आ जाए, तो बदले में वह इस समय कुछ भी दे सकता था। किसी भी जादूगरनी या जादूगर के ख़त के बदले में! यहाँ तक कि अपने जानी दुश्मन ड्रेको मैल्फ़ॉय की शक्ल देखकर भी वह एक तरह से ख़ुश ही होगा, क्योंकि उसे यकीन हो जाएगा कि यह सब महज एक सपना नहीं था...

ऐसा नहीं था कि उसने हॉगवर्ट्स में पिछले साल मौज-मस्ती ही की हो। साल के आख़िर में हैरी ने किसी और का नहीं, बल्कि लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट का सामना किया था। वोल्डेमॉर्ट अब पहले जितना शक्तिशाली तो नहीं था, परंतु वह अब भी डरावना था, अब भी चालाक था, अब भी दुबारा शक्तिशाली बनने की जीतोड़ कोशिश कर रहा था। हैरी दूसरी बार वोल्डेमॉर्ट के चुंगल से बच निकला था, परंतु इस बार वह बिलकुल बाल-बाल बचा था। हालाँकि यह घटना कई सप्ताह पुरानी हो चुकी थी, परंतु वह अब भी उसकी यादों की वजह से वह रात को जाग जाता था, ठंडे पसीने में नहा जाता था और सोचने लगता था कि वोल्डेमॉर्ट इस समय जाने कहाँ होगा। उसे वोल्डेमॉर्ट का लाल चेहरा और उसकी गुस्से से भरी बड़ी-बड़ी आँखें याद आ जाती थीं...

हैरी अचानक बगीचे की बेंच पर तनकर बैठ गया। वह झाड़ियों को यूँ ही घूर रहा था - *परंतु अचानक झाड़ियाँ पलटकर उसे घूरने लगीं* । पत्तियों के बीच दो बड़ी हरी आँखें उभर आई थीं।

जैसे ही हैरी उछलकर खड़ा हुआ, लॉन के दूसरी तरफ से एक चिढ़ाने वाली आवाज़ तैरती हुई आई।

डडली बतख जैसी चाल चलते हुए उसकी तरफ आ रहा था और गा रहा था, 'मैं जानता हूँ, आज कौन सा दिन है।'

बड़ी-बड़ी आँखें झपकी और ग़ायब हो गईं।

'क्या?' हैरी ने पूछा। उसने अब भी अपनी आँखें झाड़ियों पर से नहीं हटाईं।

'मैं जानता हूँ, आज कौन सा दिन है,' डडली ने उसके बिलकुल पास आते हुए दोहराया।

'बहुत अच्छे,' हैरी ने कहा। 'चलो, अब तुम्हें सप्ताह के दिन तो याद हो गए।'

डडली ने ताना मारा, 'आज तुम्हारा *जन्मदिन* है। परंतु यह तो बताओ, तुम्हें किसी ने भी कार्ड क्यों नहीं भेजा? क्या उस अजीब जगह पर तुम्हारा एक दोस्त भी नहीं है?'

हैरी ने ठंडेपन से जवाब दिया, 'बेहतर होगा कि तुम्हारी माँ यह न सुन लें कि तुम मेरे स्कूल के बारे में बात कर रहे हो।'

डडली ने अपना पैंट ऊपर सरकाया, जो उसकी मोटी कमर से नीचे सरक रहा था।

उसने संदेह भरे स्वर में पूछा, 'तुम झाड़ियों को क्यों घूर रहे थे?'

हैरी ने कहा, 'मैं यह सोच रहा था कि इनमें आग लगाने के लिए सबसे अच्छा मंत्र कौन सा होगा।'

डडली तत्काल पीछे की ओर लड़खड़ाया और उसके मोटे चेहरे पर दहशत के भाव उभर आए।

'तुम ऐसा नहीं कर सकते। डैडी ने तुम्हें जादू करने के लिए मना किया है। उन्होंने कहा है कि वे तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। और तुम कहीं दूसरी जगह जाकर रह भी नहीं सकते। तुम्हारा तो कोई *दोस्त* भी नहीं है, जो तुम्हें अपने घर पर -'

'*छूमंतर काली कंतर!'* हैरी ख़ूँख़ार आवाज़ में मंत्र पढ़ने लगा! 'तेरा वचन न जाए ख़ाली... जल तू जलाल तू...'

'**मम्मी... मी... मी...!**' डडली चीख़ते हुए जान छुड़ाकर गिरते-पड़ते हुए घर की तरफ़ भागा। '**मम्मी!** देखिए, वह क्या कर रहा है!'

हैरी ने एक पल के इस आंनद की बहुत भारी कीमत चुकाई। चूँकि डडली या झाड़ियों को कोई नुकसान नहीं हुआ था, इसलिए पेटूनिया आंटी समझ गईं कि उसने सचमुच कोई जादू नहीं किया था। फिर भी उन्होंने साबुन लगा फ्राइंग पैन हैरी पर फेंककर दे मारा और उसे झुककर अपना सिर बचाना पड़ा। इसके बाद पेटूनिया आंटी ने उसे बहुत से काम दे दिए और यह भी बता दिया कि जब तक वह काम पूरे नहीं कर लेगा, तब तक उसे खाना नहीं मिलेगा।

जब हैरी खिड़कियाँ साफ़ कर रहा था, कार धो रहा था, लॉन तराश रहा था, फूलों की क्यारियों को व्यवस्थित कर रहा था, गुलाब के पौधों की छँटाई करके उनमें पानी दे रहा था तथा बगीचे की बेंच पर पेंट कर रहा था, तब डडली जीभ लपलपाते हुए आइसक्रीम चाट रहा था और टहलते हुए उसे देख रहा था। आसमान में सूरज तेज़ी से चमक रहा था और उसकी गर्दन के पिछले हिस्से को जला रहा था। हैरी जानता था कि उसे डडली के जाल में नहीं फँसना चाहिए था, परंतु डडली ने बिलकुल वही बात कह दी थी, जो हैरी ख़ुद सोच रहा था... शायद हॉगवर्ट्स में उसका एक भी दोस्त *नहीं* है...

फूलों की क्यारियों में खाद फैलाते समय उसने गुस्से सोचा, 'काश वे इस समय मशहूर हैरी पॉटर को देख पाते!' उसकी कमर दुख रही थी और चेहरे से पसीने की बूँदें टपक रही थीं।

आख़िर, शाम को साढ़े सात बजे थके-मांदे हैरी ने सुना कि पेटूनिया आंटी उसे आवाज़ लगा रही थीं।

'यहाँ अंदर आओ! और अख़बार पर पैर रखकर आना!'

हैरी ख़ुशी से चमकदार किचन में अंदर आ गया। फ्रिज पर रात की पुडिंग रखी थी: फेंटी हुई क्रीम का एक बड़ा ढेर और मिठाई। ओवन में गोश्त भुन रहा था।

'जल्दी आओ! मैसन दंपति बस आते ही होंगे!' पेटूनिया आंटी ने उसे फटकारते हुए किचन की टेबल पर रखी ब्रेड की दो स्लाइस और चीज़ के एक टुकड़े की तरफ़ इशारा किया। वे अपनी नारंगी-गुलाबी कॉकटेल ड्रेस पहन चुकी थीं।

हैरी ने हाथ धोकर बेस्वाद भोजन को जैसे-तैसे गले से नीचे उतारा। जिस पल उसने आख़िरी कौर उठाया, पेटूनिया आंटी ने झपटकर उसकी प्लेट हटा दी। 'अपने कमरे में जाओ! जल्दी!'

जब हैरी ड्राइंग रूम के दरवाज़े के पास से गुज़रा, तो उसे वरनॉन अंकल और डडली की झलक दिखी, जो डिनर जैकेट पहन चुके थे। वह अभी बस ऊपरी मंज़िल की आख़िरी सीढ़ी तक ही पहुँचा था कि तभी दरवाज़े की घंटी बजी। तत्काल वरनॉन अंकल का तमतमाया हुआ चेहरा सीढ़ियों के नीचे दिखाई दिया।

'याद रखना, लड़के - ज़रा सी भी आवाज़ की तो ...'

हैरी दबे पाँव अपने कमरे तक पहुँचा, अंदर गया, दरवाज़ा बंद किया और इसके बाद वह अपने बिस्तर पर लुढ़कने के लिए तैयार था।

समस्या यह थी कि कोई उस पर पहले से ही बैठा हुआ था।

# *अध्याय - दो*
# डॉबी की चेतावनी

हैरी जैसे-तैसे अपनी चीख़ रोकने में कामयाब हो गया, परंतु यह बहुत करीबी मामला था। बिस्तर पर बैठे उस छोटे से जीव के कान चमगादड़ जितने बड़े थे। उसकी बाहर निकलती हरी आँखें टेनिस की गेंद जितनी बड़ी थीं। हैरी तुरंत समझ गया कि यही जीव सुबह बगीचे की झाड़ियों में से उसे देख रहा था।

जब वे एक-दूसरे की तरफ घूर रहे थे, तभी हैरी को हॉल से आने वाली डडली की आवाज़ सुनाई दी।

'मैसन अंकल-आंटी, लाइए मैं आपके कोट सँभालकर रख दूँ?'

वह जीव बिस्तर से उतरा और उसने अभिवादन में अपना सिर इतना नीचे झुकाया कि उसकी लंबी पतली नाक गलीचे को छूने लगी। वह एक ऐसी चीज़ पहने था, जो किसी तकिए के पुराने कवर जैसी दिख रही थी, जिसमें हाथ-पैर डालने के लिए छेद कर दिए गए हों।

हैरी ने परेशानी भरे अंदाज़ में कहा, 'आह - हैलो।'

'हैरी पॉटर!' उस जीव ने ऊँचे सुर वाली आवाज़ में कहा, जिसे सुनते ही हैरी को विश्वास हो गया कि यह आवाज़ सीढ़ियों के नीचे तक ज़रूर पहुँचेगी। 'डॉबी बहुत समय से आपसे मिलना चाहता था, सर... यह बड़े सम्मान की बात है...'

'ध-धन्यवाद,' हैरी ने कहा और दीवार के किनारे से चलते हुए अपनी कुर्सी में धँस गया। इस कुर्सी के पास ही वह बड़ा पिंज़रा रखा था, जिसमें हेडविग सो रही थी। हैरी पूछना चाहता था, 'तुम क्या हो?' परंतु फिर उसने सोचा कि ऐसा पूछना असभ्यता होगी, इसलिए उसने पूछा, 'तुम कौन हो?'

उस विचित्र जीव ने जवाब दिया, 'डॉबी, सर। सिर्फ डॉबी। डॉबी, एक घरेलू जिन्न।'

'अच्छा - सचमुच?' हैरी ने कहा। 'देखो, मुझे ग़लत मत समझना, परंतु - मेरे बेडरूम में घरेलू जिन्न के आने के लिए यह कोई बहुत अच्छा समय नहीं है।'

ड्राइंग रूम से पेटूनिया आंटी की तेज़ बनावटी हँसी सुनाई दे रही थी। घरेलू जिन्न ने अपना सिर लटका लिया।

हैरी ने तुरंत कहा, 'ऐसी बात नहीं है कि मुझे तुमसे मिलकर ख़ुशी नहीं हुई, परंतु क्या तुम किसी ख़ास कारण से यहाँ आए हो?'

'ओह, हाँ, सर,' डॉबी ने गंभीरता से कहा, 'डॉबी आपको यह बताने आया है, सर... यह मुश्किल है, सर... डॉबी समझ नहीं पा रहा है कि कहाँ से शुरू करे...'

'बैठ जाओ,' हैरी ने बिस्तर की तरफ इशारा करते हुए विनम्रता से कहा।

वह दहशत में आ गया, जब घरेलू जिन्न फूट-फूटकर रोने लगा... और ज़ोर-ज़ोर से आवाज़ें निकालते हुए आँसू बहाने लगा।

'*ब-बैठ जाऊँ!*' घरेलू जिन्न दहाड़ें मारकर रो रहा था। '*कभी नहीं... कभी भी नहीं...*'

हैरी को लग रहा था, जैसे नीचे से आ रही आवाज़ें अब बीच-बीच में रुकने लगी थीं।

वह फुसफुसाया, 'माफ करना। मैं तुम्हें दुखी नहीं करना चाहता था।'

‘दुखी और डॉबी को!’ घरेलू जिन्न की जैसे साँस अटक गई। ‘डॉबी को *कभी* किसी जादूगर ने बैठने के लिए *नहीं* कहा - वो भी *अपने साथ* -’

हैरी ‘श...श...श’ कहते हुए एक साथ जिन्न को चुप करने और ख़ुद ख़ुश दिखने की कोशिश कर रहा था। उसने डॉबी को दुबारा बिस्तर पर बिठाया, जहाँ वह हिचकी लेते हुए बैठ गया। वह किसी बड़ी और बहुत बदसूरत गुड़िया की तरह दिख रहा था। आख़िरकार उसने ख़ुद को सँभाला और फिर अपनी बड़ी आँखों में आँसू भरकर हैरी को भक्ति-भाव से एकटक देखने लगा।

हैरी ने उसे ख़ुश करने की कोशिश करते हुए कहा, ‘तब तो तुम्हें अच्छे जादूगर नहीं मिले होंगे।’

डॉबी ने अपना सिर हिलाया। फिर बिना किसी चेतावनी के वह उछला अपना सिर तेज़ी से खिड़की पर पटकने लगा। साथ ही वह चिल्लाता जा रहा था, ‘*बुरा* डॉबी! *बुरा* डॉबी!’

‘मत करो - यह तुम क्या कर रहे हो?’ हैरी गुर्राया और उसने उछलकर डॉबी को दुबारा बिस्तर पर खींच लिया। इस उठापटक से हेडविग जाग गई। एक बार तेज़ी से चीख़ने के बाद वह पिंजरे की छड़ों पर बेतहाशा पंख मारने लगी।

‘डॉबी को ख़ुद को सज़ा देना ही थी, सर,’ घरेलू जिन्न ने भेंगे अंदाज़ में देखते हुए कहा। ‘डॉबी ने अपने मालिक की बुराई की थी, सर...’

‘तुम्हारा मालिक ?’

‘वह जादूगर परिवार, जहाँ डॉबी गुलाम है, सर... डॉबी एक घरेलू जिन्न है। डॉबी ज़िंदगी भर उस परिवार की गुलामी करने के लिए मजबूर है...’

‘क्या उन्हें पता है कि तुम यहाँ आए हो?’ हैरी ने उत्सुकता से पूछा।

डॉबी काँप गया।

‘अरे नहीं सर, बिलकुल नहीं... आपसे मिलने आने के लिए डॉबी ख़ुद को बहुत बुरी सज़ा देगा। इसके लिए डॉबी अपने कान ओवन में बंद करेगा। अगर उन्हें कभी पता पड़ जाए, सर -’

‘परंतु अगर तुमने अपने कान ओवन में बंद कर लिए, तो क्या उनका ध्यान इस तरफ नहीं जाएगा?’

‘डॉबी को इस बारे में शक है, सर। डॉबी किसी न किसी बात के लिए हमेशा ख़ुद को सज़ा देता रहता है, सर। वे डॉबी को यह करने देते हैं, सर। कई बार तो वे डॉबी को ख़ुद को सज़ा देने की याद भी दिलाते हैं...’

‘परंतु तुम उन्हें छोड क्यों नहीं देते? वहाँ से भाग क्यों नहीं जाते ?’

‘घरेलू जिन्न को आज़ाद करना पड़ता है, सर। और वह परिवार डॉबी को कभी आज़ाद नहीं करेगा... डॉबी को मरते दम तक उस परिवार की गुलामी करना पड़ेगी, सर...’

हैरी उसे घूरने लगा।

हैरी बोला, ‘और मैं इस बात पर परेशान हो रहा था कि मुझे यहाँ चार सप्ताह और रुकना पड़ेगा। तुम्हारी बात सुनकर तो डर्स्ली दंपति लगभग इंसान लगने लगे हैं। क्या कोई तुम्हारी मदद कर सकता है? क्या मैं ऐसा कर सकता हूँ?’

यह कहते ही हैरी एकदम से समझ गया कि उसे यह नहीं कहना चाहिए था, क्योंकि डॉबी एक बार फिर ज़ोर-ज़ोर से कृतज्ञता के आँसू बहाने लगा।

हैरी बेचैन होकर फुसफुसाया, ‘मेहरबानी करके शांत रहो। अगर डर्स्ली दंपति ने सुन लिया, अगर उन्हें पता चल गया कि तुम यहाँ हो...’

'हैरी पॉटर पूछ रहे हैं कि क्या वे डॉबी की मदद कर सकते हैं... डॉबी ने आपकी महानता के बारे में सुना था सर, परंतु डॉबी को यह पता नहीं था कि आप इतने दयालु हैं...'

हैरी का चेहरा लाल हो गया। उसने कहा, 'तुमने मेरी महानता के बारे में जो भी सुना है, वह सब बकवास है। मैं हागवर्ट्स में अपनी क्लास में फर्स्ट तक नहीं आया, हर्माइनी आई थी, वह -'

परंतु उसने वाक्य अधूरा छोड़ दिया, क्योंकि हर्माइनी के बारे में सोचना कष्टकारी था।

'हैरी पॉटर विनम्र और सज्जन हैं,' डॉबी ने सम्मान से कहा। उसकी गेंद जैसी आँखें अब चमक रही थीं। 'हैरी पॉटर ने उस जादूगर को हराने का ज़िक्र तक नहीं किया, जिसका हम नाम नहीं ले सकते।'

हैरी बोला, 'वोल्डेमॉर्ट?'

डॉबी अपने चमगादड़ जैसे कानों पर हाथ ठोंकते हुए दर्द भरी आवाज़ में बोला, 'उसका नाम मत लीजिए, सर! नाम मत लीजिए!'

'सॉरी,' हैरी ने तुरंत कहा। 'मैं बहुत से लोगों को जानता हूँ, जो उसका नाम लेना पसंद नहीं करते। मेरा दोस्त रॉन...'

वह एक बार फिर रुक गया। रॉन के बारे में सोचना भी कष्टकारी था।

डॉबी हैरी की तरफ झुका और उसकी आँखें किसी हेडलाइट की तरह चौड़ी दिख रही थीं।

वह भरे गले से बोला, 'डॉबी ने सुना है कि अभी कुछ सप्ताह पहले ही हैरी पॉटर उस शैतानी जादूगर से दूसरी बार टकराया था... और *एक बार फिर* हैरी पॉटर बच गया।'

हैरी ने सिर झुकाया और डॉबी की आँखें अचानक आँसुओं से चमकने लगीं।

'आह सर,' उसने हाँफते हुए कहा। गंदे तकिए जैसी जो चीज़ उसने पहन रखी थी, उसके कोने से अपना मुँह पोंछते हुए वह आगे बोला, ' हैरी पॉटर बहादुर और साहसी है! वह बहुत से ख़तरों को जीत चुका है! परंतु डॉबी हैरी पॉटर को बचाने आया है, उसे सावधान करने आया है, चाहे बाद में डॉबी को इसके लिए अपने कान ओवन में बंद करना पड़ें... *हैरी पॉटर को हॉगवर्ट्स वापस नहीं जाना चाहिए।'*

एक ख़ामोशी सी छा गई, जो सिर्फ नीचे की मंज़िल से आ रही छुरी-काँटों और वरनॉन अंकल की आवाज़ों से टूट रही थी।

'क-क्या?' हैरी ने हकलाते हुए कहा। 'परंतु मुझे वापस जाना ही होगा। स्कूल एक सितंबर से शुरू होगा। इसी कारण तो मुझे यह सब बर्दाश्त करने की शक्ति मिल रही है। तुम नहीं जानते कि यहाँ रहना कितना मुश्किल है। मेरी जगह *इन लोगों की दुनिया* में नहीं है। मेरी जगह तुम्हारी दुनिया में - हॉगवर्ट्स में - है।'

'नहीं, नहीं, नहीं,' डॉबी ने चूँ-चूँ करते हुए कहा और इतनी तेज़ी से अपना सिर हिलाया कि उसके कान फड़फड़ाने लगे। 'हैरी पॉटर को वहीं रुकना चाहिए, जहाँ वह सुरक्षित रहे। वह इतना ज़्यादा महान है, इतना ज़्यादा नेक है कि उसे गँवाया नहीं जा सकता। अगर हैरी पॉटर हॉगवर्ट्स जाएगा, तो उसकी जान को ख़तरा है।'

हैरी ने आश्चर्य से पूछा, 'क्यों?'

'एक साज़िश है, हैरी पॉटर। इस साल हॉगवर्ट्स जादूगरी और तंत्र के विद्यालय में भयानक घटनाएँ होने वाली हैं,' डॉबी फुसफुसाया और अचानक काँप गया। 'डॉबी यह बात महीनों से जानता है, सर। हैरी पॉटर को अपनी जान जोख़िम में नहीं डालना चाहिए। आपकी ज़िंदगी बहुत कीमती है, सर!'

हैरी ने तत्काल पूछा, 'कौन सी भयानक घटनाएँ? यह साज़िश कौन कर रहा है?'

डॉबी ने गला रुँधने जैसी एक अजीब सी आवाज़ निकाली और पागलों की तरह अपना सिर दीवार पर पटकने लगा।

हैरी चिल्लाया 'ठीक है!' और उसने डॉबी को रोकने के लिए उसकी बाँह पकड़ ली। 'मैं समझ गया, तुम नहीं बता सकते। परंतु तुम *मुझे* चेतावनी क्यों दे रहे हो?' अचानक उसके मन में एक अप्रिय विचार आया। 'ज़रा ठहरो - कहीं इसका संबंध वोल - माफ करना - तुम-जानते-हो-कौन से तो नहीं है? तुम सिर्फ हाँ या ना में सिर हिला दो,' उसने तेज़ी से जोड़ा, जब डॉबी का सिर एक बार फिर चिंताजनक रूप से दीवार के पास पहुँचा।

डॉबी ने धीमे से इंकार में अपना सिर हिलाया।

'नहीं - *वह नहीं है, जिसका नाम नहीं लिया जा सकता,* सर।'

परंतु डॉबी की आँखें चौड़ी थीं और ऐसा लग रहा था, जैसे वह हैरी को कोई सुराग़ देने की कोशिश कर रहा हो। बहरहाल, हैरी को कुछ समझ में नहीं आया।

'उसका कोई भाई तो नहीं है?'

डॉबी ने एक बार फिर इंकार में सिर हिलाया। अब उसकी आँखें पहले से भी ज़्यादा चौड़ी हो गई थीं।

'तो फिर, मुझे नहीं पता कि हॉगवर्ट्स में भयानक घटनाएँ और कौन करवा सकता है,' हैरी बोला। 'मेरा मतलब है, एक बात तो यह है कि वहाँ डम्बलडोर हैं - तुम डम्बलडोर को तो जानते होगे, नहीं क्या?'

डॉबी ने अपना सिर झुकाया।

'एल्बस डम्बलडोर हॉगवर्ट्स के अब तक के सबसे महान हेडमास्टर हैं। डॉबी यह बात जानता है, सर। डॉबी ने यह भी सुन रखा है कि जब तुम-जानते-हो-कौन अपनी शक्तियों के शिखर पर था, तब भी वह डम्बलडोर से ज़्यादा शक्तिशाली नहीं था। परंतु सर,' डॉबी की आवाज़ बहुत महत्वपूर्ण फुसफुसाहट में बदल गई, 'ऐसी शक्तियाँ हैं, जिनका डम्बलडोर कभी... ऐसी शक्तियाँ है, जिनका कोई भला जादूगर कभी...'

और इससे पहले हैरी उसे रोक पाए, डॉबी ने बिस्तर से कूदकर हैरी का टेबल लैंप उठाया और उसे अपने सिर पर मारने लगा। साथ में वह कानफोडू चीखें भी निकालता जा रहा था।

अचानक नीचे की मंज़िल पर ख़ामोशी छा गई। हैरी का दिल तुफानी रफ़्तार से भागने लगा। दो सेकंड बाद उसने सुना कि वरनॉन अंकल हॉल में यह कहते हुए ऊपर आ रहे थे, 'लगता है डडली ने एक बार फिर अपना टेलीविज़न चालू छोड़ दिया है, बदमाश कहीं का!'

'जल्दी! अलमारी में!' हैरी ने फुसफुसाते हुए कहा। इसके बाद उसने डॉबी को जल्दी से अलमारी के अंदर ठूँस दिया और जब कमरे के दरवाज़े का हैंडल घूमा, तब तक वह झपटकर बिस्तर पर लेट चुका था।

दाँत किटकिटाकर अपना चेहरा बिलकुल हैरी के करीब लाते हुए वरनॉन अंकल बोले, '*शैतान* - के - नाती - तुम - क्या - कर - रहे - थे? तुमने मेरे मोटू-पतलू चुटकले का मज़ा किरकिरा कर दिया... अब अगर तुमने एक भी आवाज़ निकाली, तो तुम यह इच्छा करने लगोगे कि काश तुम कभी पैदा ही नहीं हुए होते!'

वे कमरे से उल्टे पैर लौट गए।

काँपते हुए हैरी ने डॉबी से को अलमारी से बाहर निकाला।

उसने कहा, 'देखा, यहाँ पर कैसा माहौल है? अब तो तुम्हें समझ में आ गया होगा कि मुझे दुबारा हॉगवर्ट्स क्यों जाना पड़ेगा? वही इकलौती जगह है, जहाँ मेरे - यानी मैं *सोचता* हूँ, जहाँ मेरे दोस्त हैं।'

'दोस्त, जो हैरी पॉटर को *ख़त* भी नहीं लिखते?' डॉबी ने चालाकी से पूछा।

'मुझे उम्मीद है कि वे सिर्फ - परंतु ज़रा ठहरो,' हैरी ने त्योरियाँ चढ़ाकर पूछा, '*तुम* यह बात कैसे जानते हो कि मेरे दोस्त मुझे ख़त नहीं लिख रहे हैं?'

डॉबी ने अपने पैर इधर-उधर किए।

'हैरी पॉटर, डॉबी पर गुस्सा मत करना - डॉबी ने यह हैरी पॉटर की भलाई के लिए किया था...'

'*क्या तुमने मेरे ख़त बीच में रोक लिए थे?*'

घरेलू जिन्न बोला, 'डॉबी के पास आपके सारे ख़त रखे हैं, सर।' तेज़ी से हैरी की पहुँच से बाहर हटते हुए उसने अपने तकिए के कवर के भीतर से (जिसे वह पहने हुए था) चिट्ठियों का मोटा पुलिंदा निकाला। इन चिट्ठियों में हैरी ने हर्माइनी की साफ-सुथरी लिखावट पहचान ली। उसे रॉन की गंदी लिखाई भी दिख रही थी और एक घसीटामार घिचपिच भी, जो हॉगवर्ट्स के मैदान के रखवाले हैग्रिड की लिखावट लग रही थी।

डॉबी ने हैरी की तरफ चिंता से देखते हुए पलकें झपकाईं।

'हैरी पॉटर, गुस्सा मत होना... डॉबी को आशा थी... अगर हैरी पॉटर को लगा कि उसके दोस्त उसे भूल गए हैं... तो वह दुबारा स्कूल नहीं जाएगा, सर...'

हैरी कुछ सुन नहीं रहा था। वह चिट्ठियों की तरफ झपटा, परंतु डॉबी उसकी पहुँच से दूर हट गया।

'हैरी पॉटर को सारे ख़त मिल सकते हैं सर, अगर वह डॉबी से वायदा करे कि वह हॉगवर्ट्स नहीं जाएगा। देखिए सर, यह एक ऐसा जोख़िम है, जो आपको नहीं लेना चाहिए! बस इतना कह दीजिए सर कि आप वापस नहीं जाएँगे!'

'नहीं,' हैरी ने गुस्से से कहा। 'मुझे मेरे दोस्तों के ख़त दो!'

'तब तो डॉबी के पास कोई और रास्ता नहीं है,' घरेलू जिन्न दुखी स्वर में बोला।

इससे पहले कि हैरी हिल भी सके, डॉबी बेडरूम के दरवाज़े की तरफ लपका, उसे खोला - और तेज़ी से दौड़कर सीढ़ियाँ उतरने लगा।

सूखते मुँह और धड़कते दिल के साथ हैरी उसके पीछे कूदा और उसने कोशिश की कि कोई आवाज़ न हो। वह आख़िरी छह सीढ़ियाँ एक छलाँग में कूद गया और हॉल के गलीचे पर बिल्ली की तरह जाकर गिरा। उसने डॉबी को हर तरफ ढूँढ़ने की कोशिश की। उसने सुना, डाइनिंग रूम में वरनॉन अंकल कह रहे हैं, '...मिस्टर मैसन, पेटूनिया को अमेरिकी प्लंबरों वाला वह मज़ेदार किस्सा तो सुनाइए। वह उसे सुनने के लिए बेताब है...'

हैरी हॉल से दौड़ता हुआ किचन में घुसा और उसे लगा कि उसकी जान निकल गई है।

पेटूनिया आंटी की बनाई हुई बेहतरीन पुडिंग, क्रीम और मिठाई का पहाड़ छत के पास हवा में तैर रहा था। डॉबी एक अलमारी के ऊपर कोने में दुबका हुआ था।

हैरी ने टर्र-टर्र जैसी आवाज़ में कहा, 'नहीं, प्लीज़... वे मुझे जान से मार डालेंगे...'

'हैरी पॉटर कहे कि वह दुबारा स्कूल नहीं जाएगा -'

'डॉबी... प्लीज़...'

'कहिए, सर...'

'मैं नहीं कह सकता!'

डॉबी ने उसे दुख भरी निगाहों से देखा।

'तब तो डॉबी को यह करना ही पड़ेगा, सर... हैरी पॉटर के भले के लिए।'

दिल दहलाने वाली आवाज़ के साथ पुडिंग फ़र्श पर गिरी। काँच का बर्तन टूटने की वजह से क्रीम खिड़कियों और दीवारों पर फैल गई। छड़ी घुमाने जैसी आवाज़ के साथ डॉबी ग़ायब हो गया।

डाइनिंग रूम से चीख़ें सुनाई दीं और वरनॉन अंकल तेज़ी से किचन में घुसे। उन्होंने देखा कि हैरी सदमे में खड़ा था और सिर से पैर तक पेटूनिया आंटी की पुडिंग में नहा गया था।

पहले तो ऐसा लगा, जैसे वरनॉन अंकल सारी घटना की सफाई देने में सफल हो जाएँगे ('हमारा भांजा है - थोड़ा पागल है - अजनबियों से मिलना इसे पसंद नहीं है, इसलिए हम इसे ऊपर की मंज़िल पर ही रखते हैं...')। वरनॉन अंकल हैरान-परेशान मैसन दंपति को वापस डाइनिंग रूम में ले गए और हैरी से वायदा किया कि मेहमानों के जाने के बाद वे कोड़े मार-मारकर उसकी चमड़ी उधेड़ देंगे। जाते-जाते उन्होने उसे एक झाड़ू पकड़ा दी। पेटूनिया आंटी ने फ्रीजर से थोड़ी सी आइसक्रीम खोजकर निकाली और हैरी, जो अब भी काँप रहा था, किचन साफ करने में जुट गया।

वरनॉन अंकल अब भी अपना सौदा करने में कामयाब हो जाते - अगर बीच में उल्लू नहीं आया होता।

पेटूनिया आंटी डिनर के बाद मेहमानों के सामने मिंट रख रही थीं कि तभी एक बड़ा करैल उल्लू पंख फड़फड़ाते हुए डाइनिंग रूम की खिड़की से अंदर घुसा और मिसेज़ मैसन के सिर पर एक चिट्ठी टपकाकर बाहर उड़ गया। मिसेज़ मैसन किसी राक्षसी की तरह चिंघाड़ीं और पागलों की तरह चीख़ती हुई घर से बाहर भाग गईं। मिस्टर मैसन डर्स्ली दंपति को सिर्फ यह बताने के लिए रुके कि उनकी पत्नी पक्षियों से बुरी तरह डरती थीं और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह मज़ाक पसंद नहीं आया था।

हैरी किचन में सहारे के लिए झाड़ू पकड़कर खड़ा था कि तभी वरनॉन अंकल उसके पास आए और उनकी छोटी आँखों में शैतानी चमक थी।

'इसे पढ़ो!' उन्होंने दुष्टता से फुफकारते हुए कहा। वे उल्लू के टपकाए हुए ख़त को लहरा रहे थे। 'चलो - इसे पढ़ो!'

हैरी ने उसे अपने हाथ में ले लिया। उसमें जन्मदिन की बधाइयाँ नहीं थी।

*प्रिय मिस्टर पॉटर,*

*हमें यह गुप्त सूचना मिली है कि आपके निवास पर आज रात नौ बजकर बारह मिनट पर वायु–विचरण मंत्र का प्रयोग हुआ है।*

*जैसा कि आप जानते हैं, नाबालिग़ जादूगरों को स्कूल के बाहर मंत्रों के प्रयोग की इजाज़त नही है। भविष्य में अगर आपने किसी मंत्र का प्रयोग किया, तो आपको स्कूल से निष्कासित किया जा सकता है (नाबालिग जादूगरी पर तार्किक प्रतिबंध अधिनियम, 1875, खंड स) ।*

*हम आपको यह भी याद दिलाना चाहेंगे कि जादू की ऐसी कोई भी गतिविधि, जिसे ग़ैर–जादुई समुदाय (मगलुओं)*

*द्वारा देखे जाने का ख़तरा हो, अंतरराष्ट्रीय जादूगर संगठन के गोपनीयता अधिनियम के अनुच्छेद 13 के अंतर्गत एक गंभीर अपराध है।*

*अपनी छुट्टियों का आनंद लें।*

*आपकी*
*माफाल्डा हॉपकर्क*
*जादू का अनुचित प्रयोग कार्यालय*
*जादू मंत्रालय*

हैरी ने पत्र पढ़ने के बाद ऊपर की तरफ देखा और थूक निगला।

'तुमने तो हमें यह बताया ही नहीं था कि तुम्हें स्कूल से बाहर जादू करने की इजाज़त नहीं है,' यह कहते समय वरनॉन अंकल की आँखों में पागलपन की चमक साफ दिख रही थी। 'मुझे लगता है, शायद तुम इसका ज़िक्र करना भूल गए होगे... तुम्हारे दिमाग़ से उतर गया होगा...'

वे एक बड़े बुलडॉग की तरह दाँत निकालते हुए हैरी की तरफ झुक रहे थे। 'अब मैं तुम्हें एक ख़बर सुनाना चाहता हूँ, लड़के... मैं तुम्हें ऊपर ताले में बंद कर रहा हूँ... तुम अब दुबारा कभी उस स्कूल में नहीं जाओगे... कभी नहीं... और अगर तुमने जादू से बाहर निकलने की कोशिश की - तो वे तुम्हें स्कूल से निकाल देंगे!'

इसके बाद पागलों की तरह हँसते हुए वे हैरी को घसीटकर ऊपर की मंज़िल तक ले गए।

वरनॉन अंकल अपने बुरे वायदे जितने ही बुरे निकले। अगली सुबह उन्होंने हैरी की खिड़कियों पर छड़ें लगवाने के लिए एक आदमी को पैसे दिए। उन्होंने उसके बेडरूम के दरवाज़े पर कैट-फ़्लैप अपने हाथों से लगाया, ताकि दिन में तीन बार थोड़ा सा भोजन अंदर धकेला जा सके। वे हैरी को सुबह-शाम सिर्फ बाथरूम के लिए बाहर निकालते थे। इसके अलावा वह चौबीसों घंटे अपने कमरे में बंद रहता था।

*

तीन दिन बाद भी डर्स्ली दंपति किसी तरह की छूट देने के मूड में नहीं दिख रहे थे और हैरी को इस स्थिति से बाहर निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। वह अपने बिस्तर पर लेटकर खिड़की पर लगी छड़ों के पीछे सूरज को डूबते हुए देख रहा था और दुखी मन से सोच रहा था कि उसके साथ न जाने क्या होने वाला है।

ख़ुद को जादू से बाहर निकालने से भी क्या फायदा होगा, अगर ऐसा करने के बाद उसे हॉगवर्ट्स से निकाल दिया जाए? परंतु प्रिविट ड्राइव में जीवन अब तक सबसे निराशाजनक स्थिति में पहुँच गया था। अब जब डर्स्ली दंपति यह जान गए थे कि हैरी उन्हें नींद में चमगादड़ नहीं बना देगा, तो उसका इकलौता हथियार भी हाथ से चला गया था। डॉबी ने हैरी को हॉगवर्ट्स की भयानक घटनाओं से तो बचा लिया था, परंतु जिस तरह से घटनाएँ हो रही थीं, उससे ऐसा लगता था कि वह शायद भूखा मर जाएगा।

कैट-फ़्लैप की आवाज़ आई और पेटूनिया आंटी का हाथ दिखाई दिया, जिसने सूप का एक कटोरा कमरे के अंदर खिसकाया। हैरी की अंतड़ियाँ भूख के मारे कुलबुला रही थीं। वह बिस्तर से कूदा और उसने लपककर कटोरा उठा लिया। सूप बर्फ की तरह ठंडा था, परंतु एक घूँट में ही उसने आधा सूप गटक लिया। फिर वह कमरे के दूसरी तरफ रखे हेडविग के पिंजरे के पास गया और कटोरे में नीचे पड़ी गीली सब्ज़ियाँ निकालकर हेडविग की ख़ाली तश्तरी में रख दीं। हेडविग ने अपने पंख फड़फड़ाकर हैरी को बहुत हिकारत से देखा।

हैरी ने उदासी से कहा, 'मुझे चोंच दिखाने से कोई फायदा नहीं है, हमारे पास बस इतना ही है।'

उसने अपने ख़ाली कटोरे को फर्श पर कैट-फ़्लैप के बग़ल में रख दिया और फिर से बिस्तर पर लेट गया। सूप पीने से पहले वह जितना भूखा था, न जाने क्यों सूप पीने के बाद उसे पहले से भी ज़्यादा भूख लग रही थी।

मान लें वह किसी तरह चार सप्ताह तक और ज़िंदा रह ले, परंतु अगर वह हॉगवर्ट्स न पहुँचे, तो क्या होगा? क्या किसी को यह पता करने के लिए भेजा जाएगा कि वह क्यों नहीं लौटा? क्या वे कभी डर्स्ली दंपति को उसे भेजने के लिए राज़ी कर पाएँगे?

कमरे में अँधेरा छा रहा था। वह थका हुआ था, उसका पेट भूख से कुलबुला रहा था, उसका दिमाग़ उन्हीं सवालों पर चकरघिन्नी होता जा रहा था, जिनका कोई जवाब नहीं था ...और फिर हैरी एक बेचैन सी नींद में सो गया।

उसने सपना देखा कि वह एक चिड़ियाघर में एक पिंजरे में कैद है। उसके पिंजरे पर लगे बोर्ड पर 'नाबालिग़ जादूगर' लिखा है। लोग छड़ों के पार से उसे देख रहे हैं और वह भूखा और कमज़ोर हालत में भूसे के बिस्तर पर पड़ा हुआ है। उसे भीड़ में डॉबी का चेहरा दिखता है और वह मदद माँगने के लिए चिल्लाता है, परंतु डॉबी बोलता है, 'हैरी पॉटर यहाँ सुरक्षित है, सर!' और फिर ग़ायब हो जाता है। इसके बाद उसे डर्स्ली दंपति दिखते हैं और डडली उसके पिंजरे की छड़ों को खड़खड़ाते हुए उस पर हँसता है।

जब खड़खड़ाहट से उसका सिर भन्नाने लगा, तो हैरी बुदबुदाया, 'इसे बंद करो... मुझे अकेला छोड़ दो... यह सब रहने दो... मैं सोने की कोशिश कर रहा हूँ...'

उसने अपनी आँखें खोलीं। चंद्रमा के रोशनी खिड़की की छड़ों से अंदर आ रही थी। और छड़ों के उस पार से कोई उसकी तरफ देख रहा *था* : उसके चेहरे पर चकत्ते थे, उसके बाल लाल थे और उसकी नाक लंबी थी।

हैरी की खिड़की के बाहर रॉन वीज़ली था, जो अंदर झाँक रहा था।

# अध्याय - तीन
# रॉन का घर

'*रॉन!*' हैरी दबी आवाज़ में बोला। फिर वह दबे पाँव खिड़की तक आया और उसके पल्ले को ऊपर उठाया, ताकि छड़ों के बीच से बात हो सके। 'रॉन तुम कैसे - क्या - ?'

हैरी जो देख रहा था, जब उसे उसका मतलब समझ में आया, तो उसका मुँह खुला रह गया। फीरोज़ी रंग की एक पुरानी कार *हवा में* खड़ी हुई थी और रॉन उसकी पिछली खिड़की से बाहर झुका हुआ था। आगे की सीट पर रॉन के बड़े जुडवाँ भाई फ्रेड और जार्ज थे, जो हैरी की तरफ देखकर मुस्करा रहे थे।

'सब ठीक है, हैरी ?'

रॉन ने पूछा, 'क्या बात है ? तुमने मेरी चिट्ठियों का जवाब क्यों नहीं दिया ? मैंने तुम्हें बारह बार अपने घर आने का संदेश भिजवाया था। फिर डैडी ने घर पर बताया कि मगलुओं के सामने जादू करने की वज़ह से जादू मंत्रालय ने तुम्हें चेतावनी दी है...'

'वह मैंने नहीं किया - और उन्हें कैसे पता चला ?'

'वे जादू मंत्रालय में काम करते हैं,' रॉन ने कहा। 'तुम *जानते* हो, हमें स्कूल के बाहर मंत्रों का प्रयोग नहीं करना चाहिए -'

'यह बात तुम कह रहे हो ?' हैरी हवा में झूलती हुई कार की तरफ घूरते हुए बोला।

रॉन ने कहा, 'अरे, यह उस गिनती में नहीं आएगा, हमने तो यह कार सिर्फ उधार ली है। यह डैडी की कार है। *हमने* इस पर जादू नहीं किया है। परंतु जिन मगलुओं के साथ तुम रहते हो, उनके सामने जादू करना...'

'मैंने तुम लोगों से कहा ना, मैंने जादू नहीं किया - परंतु पूरी बात समझाने में बहुत वक़्त लगेगा। देखो, क्या तुम हॉगवर्ट्स में जाकर यह बता सकते हो कि मेरे अंकल-आंटी ने मुझे ताले में बंद कर रखा है और वे मुझे वापस नहीं लौटने दे रहे हैं? ज़ाहिर है, मैं ख़ुद को जादू से बाहर नहीं निकाल सकता, क्योंकि मंत्रालय यह सोचेगा कि मैंने तीन दिन में दूसरी बार मंत्र का प्रयोग किया है, इसलिए -'

'फालतू की बातें मत करो,' रॉन बोला, 'हम तुम्हें अपने साथ घर ले जाने के लिए आए हैं।'

'परंतु तुम भी मुझे जादू से बाहर नहीं निकाल सकते-'

'हमें उसकी ज़रूरत नहीं पड़ेगी,' रॉन ने अपना सिर अगली सीट की तरफ झटके के साथ घुमाकर मुस्कराते हुए कहा। 'तुम भूल रहे हो कि मेरे साथ कौन हैं।'

'इसे छड़ों में बाँध दो,' फ्रेड ने हैरी की तरफ रस्सी का एक सिरा उछालते हुए कहा।

'अगर डर्स्ली दंपति जाग गए, तो मुझे जान से मार डालेंगे,' हैरी रस्सी को छड़ में बाँधते हुए बोला।

'चिंता मत करो,' फ्रेड ने कार स्टार्ट करते हुए कहा, 'और पीछे हट जाओ।'

हैरी पीछे हटकर छाया में हेडविग के पास खड़ा हो गया। ऐसा लग रहा था जैसे हैडविग को यह एहसास हो गया था कि यह काम कितना महत्वपूर्ण है, इसलिए वह स्थिर और ख़ामोश रही। कार के इंजन की गड़गड़ाहट तेज़ होती गई और जब फ्रेड ने कार हवा में तेज़ी के साथ आगे बढ़ाई, तो अचानक धमाके की आवाज़ के साथ छड़ें खिड़की से अलग हो गईं। हैरी लपककर खिड़की के पास पहुँचा। उसने देखा कि छड़ें ज़मीन से कुछ फुट ऊपर लटक रही थीं और हाँफता

हुआ रॉन उन्हें कार में ऊपर की तरफ खींच रहा था। तनावग्रस्त हैरी ने कान लगाकर सुना, परंतु उसे डर्स्ली दंपति के बेडरूम से कोई आवाज़ सुनाई नहीं दी।

जब रॉन ने छड़ें कार की पिछली सीट पर रख लीं, तो फ्रेड ने कार पीछे करके हैरी की खिड़की से चिपकाकर खड़ी कर दी।

रॉन बोला, 'अंदर आ जाओ।'

'परंतु मेरा हॉगवर्ट्स का सामान... मेरी छड़ी... मेरी जादुई झाड़ू...'

'ये सब सामान कहाँ रखा है?'

'सीढ़ियों के नीचे वाली अलमारी में ताले में बंद है और मैं इस कमरे से बाहर नहीं निकल सकता-'

'कोई दिक्कत नहीं है,' जॉर्ज आगे की सीट से बोला। 'रास्ते से हट जाओ, हैरी।'

फ्रेड और जॉर्ज सावधानीपूर्वक खिड़की से होते हुए हैरी के कमरे में आए। जब जॉर्ज अपनी जेब से एक साधारण हेयरपिन निकालकर उससे ताला खोलने लगा, तो हैरी ने सोचा, इन लोगों का लोहा मानना होगा।

फ्रेड बोला, 'बहुत से जादूगर सोचते हैं कि मगलुओं की यह तरकीब सीखना समय की बर्बादी है। परंतु हमें लगता है यह एक ऐसी कला है, जिसे सीखना बहुत फायदेमंद है, हालाँकि इसमें समय ज़्यादा लगता है।'

एक हल्की क्लिक की आवाज़ के साथ दरवाज़ा खुल गया।

जॉर्ज फुसफुसाया, 'अब हम तुम्हारा संदूक लेकर आते हैं। तब तक तुम कमरे से अपना सारा ज़रूरी सामान बटोरकर रॉन को दे दो।'

जब जुडवाँ भाई अँधेरे में सीढ़ियों पर उतरने लगे, तो हैरी ने उन्हें धीमे स्वर में चेतावनी दी, 'सबसे नीचे वाली सीढ़ी से बचकर जाना, वह आवाज़ करती है।'

हैरी कमरे में चारों तरफ भागा और उसने अपना सारा सामान बटोरकर खिड़की में से रॉन को दे दिया। फिर वह संदूक को सीढ़ियों से ऊपर उठाकर लाने में फ्रेड और जॉर्ज की मदद करने लगा। हैरी को वरनॉन अंकल के खाँसने की आवाज़ सुनाई दी।

आख़िरकार वे तीनों हाँफते हुए ऊपर पहुँचे। फिर हैरी के कमरे से होते हुए वे संदूक को खुली खिड़की तक ले गए। फ्रेड कार में पहुँचकर रॉन के साथ मिलकर संदूक खींचने लगा। हैरी और जॉर्ज कमरे की तरफ से संदूक धका रहे थे। एक-एक इंच करके संदूक खिड़की से बाहर खिसकने लगा।

वरनॉन अंकल दुबारा खाँसे।

कार के अंदर से संदूक खींच रहे फ्रेड ने हाँफते हुए कहा, 'थोडा सा और... बस एक ज़ोर का धक्का...'

हैरी और जॉर्ज ने संदूक पर अपने कंधों का पूरा ज़ोर लगाया और वह खिड़की से होता हुआ कार की पिछली सीट पर पहुँच गया।

'ठीक है, अब हम चलते हैं,' जॉर्ज फुसफुसाया।

परंतु जैसे ही हैरी खिड़की की चौखट पर चढ़ा, अचानक पीछे से उल्लू की ज़ोरदार चीख़ सुनाई दी। इसके तत्काल बाद उसने वरनॉन अंकल के गरजने की आवाज़ सुनी।

**यह बेहूदा उल्लू!**

'मैं हेडविग को तो भूल ही गया था!'

जब तक हैरी कमरे में वापस आया, तब तक बाहर का बल्ब जल चुका था। उसने हेडविग का पिंज़रा उठाया, भागकर खिड़की तक आया और पिंज़रा रॉन को दे दिया। वह खिड़की की मुंडेर पर चढ़ ही रहा था कि तभी वरनॉन अंकल ने खुले ताले वाले दरवाज़े पर हथौड़ा मारा - और वो झटके से खुल गया।

एक पल के लिए तो वरनॉन अंकल दरवाज़े पर ही किसी मूर्ति की तरह स्तब्ध खड़े रह गए। फिर भड़के हुए साँड की तरह गरजते हुए उन्होंने हैरी की तरफ छलाँग लगाई और उसके पैर के पंजे को पकड़ लिया।

रॉन, फ्रेड और जॉर्ज हैरी के हाथ पकड़कर अपनी पूरी ताकत से खींचने लगे।

'पेटूनिया,' वरनॉन अंकल गरजे, 'वह भाग रहा है! *वह भाग रहा है !*'

वीज़्ली बंधुओं ने एक ज़ोरदार झटका दिया और हैरी का पैर वरनॉन अंकल की पकड़ से छूट गया। जैसे ही हैरी कार में आया और उन लोगों ने दरवाज़ा बंद किया, रॉन चीख़ा, 'गाड़ी भगाओ, फ्रेड!' और कार चाँद की तरफ बढ़ने लगी।

हैरी को यकीन नहीं हो रहा था - वह आज़ाद था। उसने कार की खिड़की का काँच नीचे कर लिया और रात की हवा उसके बाल उड़ाने लगी। उसने मुड़कर प्रिविट ड्राइव की छोटी होती जा रही छतों की तरफ देखा। वरनॉन अंकल, पेटूनिया आंटी तथा डडली मुँह फाड़कर हैरी की खिड़की से बाहर लटककर झाँक रहे थे।

हैरी चिल्लाया, 'अगली गर्मियों में मिलेंगे!'

वीज़्ली बंधु हँसी के मारे दोहरे हो गए और हैरी मुँह फाड़कर मुस्कराते हुए अपनी सीट पर आराम से बैठ गया।

उसने रॉन से कहा, 'हेडविग को बाहर निकाल दो। वह हमारे पीछे उड़ सकती है। उसे एक ज़माने से अपने पंख फैलाने का मौका नहीं मिला है।'

जॉर्ज ने रॉन को हेयरपिन दी और एक पल बाद हेडविग ख़ुशी से खिड़की के बाहर उड़ रही थी। वह किसी उड़ते हुए भूत की तरह लग रही थी।

'तो - अब पूरी कहानी सुनाओ, हैरी?' रॉन ने अधीरता से कहा। 'क्या हुआ था?'

हैरी ने उन लोगों को डॉबी के बारे में सारी बातें बताईं। उसने उन्हें डॉबी की चेतावनी और पुडिंग की दुर्घटना के बारे में बताया। जब उसने अपनी बात पूरी कर ली, तो सदमे से भरी एक लंबी ख़ामोशी छा गई।

आख़िरकार फ्रेड बोला, 'बड़ा संदिग्ध मामला है।'

जॉर्ज सहमत था, 'निश्चित रूप से चालबाज़ी है। तो उसने तुम्हें यह नहीं बताया कि यह साज़िश कौन कर रहा था ?'

हैरी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह बता सकता था। मैंने तुमसे कहा ना, हर बार जब भी वह कोई महत्वपूर्ण बात बताने वाला होता था, तो वह दीवार पर अपना सिर ठोंकने लगता था।'

उसने देखा कि फ्रेड और जॉर्ज एक-दूसरे की तरफ देख रहे थे।

'क्या तुम्हें लगता है कि वह मुझसे झूठ बोल रहा था?' हैरी ने पूछा।

फ्रेड ने कहा, 'इसे इस तरह से देखो - घरेलू जिन्नों के पास भी जादू की काफी शक्ति होती है, परंतु आम तौर पर वे अपने मालिकों की अनुमति के बिना इसका प्रयोग नहीं कर सकते। मेरा अंदाज़ा है कि डॉबी को तुम्हारे पास इसलिए भेजा गया था, ताकि तुम हॉगवर्ट्स वापस न लौटो। किसी ने तुम्हारे साथ मज़ाक किया है। क्या स्कूल में तुम्हारा कोई दुश्मन है?'